ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -14 अंक -5 जून -I, 2013 (पाक्षिक) माउण्ट आबू मूल्य 7.50 रु.

सोच से परस्थिति को बड़ा न बनाए-शिवानी

नवी मुबंई-वासी। ब्र.कु. तारा,ब्र.कु.शीला, ब्र.कु.शिवानी,सीने कलाकार सुरेश ओबराय,ब्र.कु. गंगाधर,प्रेम कुमार, युवा मेयर सागर नाईक तथा कार्यक्रम में शरीक शहर गणमान्य लोग।

नवी मुबंई-वासी अनलोकिंग ट्रेज़र ऑफ लाईफ कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए। भारत के सबसे कम उम्र के युवा मेयर सागर नाईक ने कहा कि व्यक्ति में अनेक प्रतिभाएं छिपी हुई हैं सिर्फ उसे कार्य में लगाना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में ब्रह्माकुमारी संस्थान के कार्य बहुत ही सराहनीय हैं। संस्थान् द्वारा आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम से यहां के नागरिको को लाभ होगा।

प्रेम कुमार अध्यक्ष, रोटरी क्लब, ने कहा कि जीवन की यात्रा सुख व शान्तिमय रहे उसके लिए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाना बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम का लाभ सभी को मिले ऐसी शुभकामनाएं दी ।

मोटीवेशनल ट्रैनर ब्रह्माकुमारी शिवानी ने रोजमर्रा जींदगी में जुडी छोटी-छोटी परिस्थितियां व कठिनाईओं के मध्य अपनी खुशी को बरकरार रखने में नुक्से बताए। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या हैं समय नहीं हैं, यह कहते नजर आता है। लेकिन वास्तव में समय का उपयोग कैसे किया जाए ,उसके बारें में थोडा सोचने की जरूरत हैं। व्यवहारिक जीवन में परिस्थितियों का आना स्वभाविक है। किन्तु परिस्थितियां हमारी स्थिति को प्रभावित न करे उनकें बारे में बहुत ही सटीक व जीवंत उदाहरण के माध्यम से बताया।

उन्होंने एक सारगर्भित व रहस्य बताते हुए कहा कि- ‘मन हमारी बहुत सुंदर शक्ति हैं। उसे विधिपूर्वक उपयोग करने की आवश्यकता हैं। सबकी चाह हैं मन खुश रहें। परंतु उसके लिए थोड़ा सा प्रयास व अभ्यास की जरूरत है। परिस्थिति पराई है। स्वस्थिति अपनी हैं। खुशी मेंरी अपनी अमानत हैं। उसे संभालकर रखना होगा।

उन्होंने आगे कहा कि दिन का आंरम्भ सकारात्मक विचारों के साथ करना चाहिए। अपने आपसे वादा करना चाहिए की किसी भी हालत में मेरी खुशी को कम नहीं होने देना है। आपसी संम्बन्धों में मजबूती के लिए सामने वाले व्यक्ति को माफ कर देनें की सीख दी।

- शेष पेज 4 पर..

मूल्य शिक्षा तालिम शिविर का आयोजन

सूरत-वराछा । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विघालय की लंबे हनुमान रोड स्थित शाखा द्वारा सूरत की 118 स्कूलों से करीब एक हजार टीचर्स के लिए मूल्य शिक्षा तालिम शिविर का आयोजन का सफल आयोजन ऐ .के. रोड स्थित सरदार पटेल स्मृति भवन में किया गया।

ईश्वरीय स्मृति के साथ प्रारंभ की गई इस तालीम शिविर का उद् घाटन गुजरात राज्य के नोंन-ग्रान्टेड स्कूल संकुल के चेयरमेन तपस्वीभाई दवे, जगदीश भाई चावडा, प्रो. स्वामीनाथनभाई, ब्रह्माकुमारीज़ वराछा केन्द्र के संचालिका बी.के .तृप्ति बहन एंवम लायन्स क्लब के पास्ट प्रेसिडेन्ट रमणभाई दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उपस्थित शिक्षकगण की विशाल सभा का अभिवादन करते हुए बी.के . तृप्तिबहन ने बताया कि गुरूजनों का स्थान समाज में सदा के लिए सम्मान व आदर का रहा है। सभी के लिए जिनका जीवन आदर्श है वही समाज में आदर व सम्मान के पात्र है।उन्होंने कहा कि आज आध्यात्मिक मूल्यों का बच्चों मे ंहोना बहूत जरूरी है। ज्ञान योग विद्या संकुल के चेयरमेन जगदीश चावला ने अपने विचार व्यक्त करते कहा की ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समय प्रति समय शिक्षा जगत के लिये हो रही सकारात्मक प्रवृतियां अती सराहनीय है। हम सभी शिक्षा क्षेत्र के सहकर्मियों के लिए इस तरह मोटीवेशन प्रोग्राम स्वयं को चार्ज करने लिए है। उन्होंने संस्था की नि:स्वार्थ सेवाओ के अंत:करण से प्रशंसा की ।

सुरत-वराछा । सरदार पटेल स्मृति भवन में प्रों.ई.वी.स्वामीनाथन हजारों शिक्षक गण को संबोधित करते हुए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई के प्रों.ई.वी.स्वामीनाथन ने अपने वक्तव्य में बताया कि विघार्थीओं के साथ व्यावहारिक रूप से जितना मूल्य निष्ठ बनेगे उतनी ही समाज में मानवता महेकेगी, एक बाग की कीमत उसके विस्तार से नहीं लेकिन उसमें खिले हुए सुंगधित पुष्पों से होती है और भविष्य के सच्चे फुल वह वर्तमान में हमारे सामने उपस्थित विघार्थी है। उनमें दिव्यता की महेक व गुणों के फुलों से श्रींगार करना

- शेष पेज 4 पर..